दिनांक–20.09.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कोलकाता में उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों से प्रदेश में निवेश को लेकर करेंगे चर्चा।
- आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में आज से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा 'आयुष्मान पखवाड़ा'।
- रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार–2024 के नवाचार श्रेणी के फाइनल में पहुंचा।
- भारत और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत करेगा अधिकतम रन बनाने का प्रयास।

मोदी सरकार 100 दिन–स्वास्थ्य

नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। केन्द्र ने देश में स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। सरकार ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और देश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव को उच्च प्राथमिकता दी है। अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय चाहे जो भी हो, पाँच लाख रुपये के स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के उद्देश्य से 75 हजार नई मेडिकल सीटें बनाई गई हैं। सरकार ने देश में 27 लाख कैंसर रोगियों को सस्ती दवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट भी दी। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने विज्ञान धारा योजना और राष्ट्रीय अनुसंधान कोष को भी लागू किया है।

मुख्यमंत्री कोलकाता संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कोलकाता में होने वाले रोड–शो में देश–विदेश से आने वाले उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों से प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। यह रोड शो उद्योगपतियों और सरकार के बीच सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कोलकाता में देश–विदेश से आये लगभग 350 डेलीगेट्स 60 से अधिक मुख्य अतिथि एवं 8 से अधिक देशों के कांसुलेट एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य बंगाल और मध्यप्रदेश के बीच निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना साथ ही व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्टील मेन्यूफेक्चर्स, होजरी एवं गारमेंट मेन्यूफेक्चर्स, लोजिस्टिक उद्योगपतियों के साथ राउंड–टेबल तथा जर्मन कांसुलेट सहित देश–विदेश के लगभग 22 उद्योग प्रतिनिधियों से वन–टू–वन चर्चा करेंगे।

मोदी सरकार 100 दिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार द्वारा युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। ग्वालियर की यति गर्ग का मानना है कि मोदी सरकार द्वारा स्टार्टअप और स्कॉलशिप जैसी कई योजनाएं उनकी स्किल को बढाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

सर्वोच्च न्यायालय–नीट पीजी परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट–पीजी 2024 के उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका का खुलासा करने से राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड–एनबीई के इनकार को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई करेगा। नीट–पीजी परीक्षा एनबीई द्वारा 11 अगस्त को आयोजित की गई थी और परिणाम 23 अगस्त को घोषित किए गए थे। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित कॉज़लिस्ट के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की पीठ कल मामले की सुनवाई फिर से शुरू करेगी। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की स्पष्ट कमी थी और उम्मीदवारों को केवल एक स्कोर कार्ड प्रदान किया गया है।

संसद टीवी कॉन्क्लेव

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से व्यक्ति–केंद्रित दृष्टिकोण की जगह संस्थानों और राष्ट्रीय विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है। श्री धनखड ने संसद भवन में संसद टीवी/3 कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को कल संबोधित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मीडिया को देश के विभिन्न हिस्सों से सकारात्मक विकास की कहानियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। श्री बिडला ने कहा कि समाचारों की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता आज संकट में है।

आयुष्मान पखवाड़ा

आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में आज से 30 सितंबर तक 'आयुष्मान पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के लाभ के प्रति जागरूकता लाने, पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनवाने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष फोकस किया जायेगा। आयुष्मान पखवाड़ा में पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के तहत घर–घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा।

राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड

राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में भिण्ड जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उद्योतगढ़ के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी दीपक वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भोपाल के आरूष नाग को पांचवा और बालाघाट जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी की छात्रा सुश्री शिरोमणी दहीकर को 31वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 सितम्बर तक नई दिल्ली में किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदर्शनी में देशभर के 470 प्रतिभागी विद्यार्थियों में से कुल 31 विद्यार्थियों के प्रोटोटाइप मॉडल्स का चयन राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया।

सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार

रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार–2024 के नवाचार श्रेणी में शीर्ष फाइनलिस्ट में शामिल हो गया है। दुनिया के अन्य शीर्ष स्कूलों के बीच रैंक में ऊपर आने के बाद अब यह स्कूल शीर्ष स्थान की दौड़ में है। लंदन स्थित टी–4 एजुकेशन संस्था ने आज शीर्ष 3 विद्यालयों की घोषणा की।

इस श्रेणी में भाग लेने वाले स्कूल अमेरिका,ब्रिटेन, स्पेन, ब्राजील, केन्या और थाईलैण्ड जैसे देशों के थे। लंदन स्थित टी–4 एजुकेशन संस्था द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार उन स्कूलों को प्रदान किये जाते हैं, जिनके स्कूल लीडर्स, शिक्षक और समुदाय ने अपने

विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये अनुकरणीय नेतृत्व और अग्रणी अभ्यासों का प्रदर्शन किया है। पुरस्कार के रूप में 10 हजार अमेरिकी डॉलर दिए जाते हैं।

गैस पीड़ित जांच

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है गैस राहत के पांच वरिष्ठ चिकित्सक यह चेक करें कि गैस पीड़ित जो मरीज सालों से दवा खा रहे हैं, उन्हें अब दवा सेवन की जरूरत है भी या नहीं। उन्होंने यह भी जांच करने को कहा कि गैस राहत अस्पतालों से दवा लेने वाले मरीज़ कहीं दवाओं का दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। डॉ. शाह ने कल विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि गैस राहत के सभी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। सभी अस्पतालों में बायोमैट्रिक इम्प्रैशन मशीन व सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। भोपाल शहर में मौजूद गैस राहत विभाग के स्वामित्व वाली भूमि व परिसरों पर अतिक्रमण हटवाकर पुनः कब्ज़ा प्राप्त करें।

सिडबी

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा उद्यम संज्ञान कार्यक्रम के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का एक शैक्षिक भ्रमण मध्य रेलवे कोच रिपेयरिंग वर्कशॉप निशातपुरा, भोपाल में आयोजित किया गया। सिडबी भोपाल शाखा के उप महाप्रबंधक चंद्र मोहन द्वारा सिडबी की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

मौसम

प्रदेश में अगले 3 दिन तक तेज बारिश का अनुमान नहीं है। हालांकि, 23 सितंबर से एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिसके कारण प्रदेश के पूर्वी हिस्से में पानी गिरेगा। प्रदेश में अब तक 41 दशमलव 8 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज प्रदेश में कहीं भी तेज बारिश होने का अनुमान नहीं है। आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी। कुछ स्थानों पर स्थानीय कारकों के कारण दोपहर बाद हल्की बारिश हो सकती है।

भारत बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट

भारत और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत अपनी पहली पारी छह विकेट पर 339 रन से आगे खेलेगा। चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में कल स्टंप उखड़ने के समय रविचंद्रन अश्विन नाबाद 102 रन और रवींद्र जड़ेजा 86 रन बनाकर क्रीज पर थे। दिन के खेल का मुख्य आकर्षण रविचंद्रन अश्विन की ठोस पारी रही। भारत के लिए यशस्वी जयसवाल ने 56 और ऋषभ पंत ने 39 रनों का योगदान दिया। बांग्लादेश के हसन महमूद ने 4 विकेट लिए। इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- ग्वलियर में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल हुए।
- धार में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन आज सुबह 10 बजे से किया जायेगा।
- छिन्दवाड़ा में कृषि एवं संबध्द विभागों की समीक्षा बैठक विभिन्न योजनाओं की प्रगति, खाद्यान्न वितरण, मूंग उपार्जन, पशुपालन, मछली पालन, कृषि और बैंकिंग व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

- डिण्डौरी में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- बालाघाट में कलेक्टर मृणाल मीना ने निरंतर बारिश से फसल व मकान क्षति के लिए किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली।
- निवाड़ी में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
- शाजापुर में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जिला चिकित्सालय का कल आकस्मिक निरीक्षण कर मरीजों की स्थिति और मिल रहे उपचार की स्थिति देखी।
- शिवपुरी जिले के करैरा में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं अतिथियों ने कल स्वास्थ्य संस्थान में काम करने वाले सफाई मित्रों का अभिनदंन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 232 रोगियों द्वारा पंजीयन कराकर उपचार प्राप्त किया गया।
- आगरमालवा जिले के महिला एवं बाल विकास परियोजना बड़ौद द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कल पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- खण्डवा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के जिला चिकित्सालय में कल रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

-----------------------------------

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) मोदी सरकार 100 दिन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार द्वारा युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। ग्वालियर की यति गर्ग का मानना है कि मोदी सरकार द्वारा स्टार्टअप और स्कॉर्लशिप जैसी कई योजनाएं उनकी स्किल को बढाने में सहायक सिद्ध हो रही है।**

**बाईट - यति गर्ग, ग्वालियर**

### (2) मुख्यमंत्री कोलकाता संवाद

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कोलकाता में होने वाले रोड-शो में देश-विदेश से आने वाले उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों से प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। यह रोड शो उद्योगपतियों और सरकार के बीच सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कोलकाता में देश-विदेश से आये लगभग 350 डेलीगेट्स 60 से अधिक मुख्य अतिथि एवं 8 से अधिक देशों के कांसुलेट एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य बंगाल और मध्यप्रदेश के बीच निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना साथ ही व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्टील मेन्यूफेक्चर्स, होजरी एवं गारमेंट मेन्यूफेक्चर्स, लोजिस्टिक उद्योगपतियों के साथ राउंड-टेबल तथा जर्मन कांसुलेट सहित देश-विदेश के लगभग 22 उद्योग प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

**(3) आयुष्मान पखवाड़ा**

आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में आज से 30 सितंबर तक 'आयुष्मान पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के लाभ के प्रति जागरूकता लाने, पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनवाने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष फोकस किया जायेगा। आयुष्मान पखवाड़ा में पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के तहत घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा।

**(4) सिडबी**

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा उद्यम संज्ञान कार्यक्रम के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का एक शैक्षिक भ्रमण मध्य रेलवे कोच रिपेयरिंग वर्कशॉप निशातपुरा, भोपाल में आयोजित किया गया। सिडबी भोपाल शाखा के उप महाप्रबंधक चंद्र मोहन द्वारा सिडबी की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

**(5) गैस पीड़ित जांच**

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है गैस राहत के पांच वरिष्ठ चिकित्सक यह चेक करें कि गैस पीड़ित जो मरीज सालों से दवा खा रहे हैं, उन्हें अब दवा सेवन की जरूरत है भी या नहीं। उन्होंने यह भी जांच करने को कहा कि गैस राहत अस्पतालों से दवा लेने वाले मरीज़ कहीं दवाओं का दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। डॉ. शाह ने कल विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि गैस राहत के सभी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। सभी अस्पतालों में बायोमैट्रिक इम्प्रैशन मशीन व सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। भोपाल शहर में मौजूद गैस राहत विभाग के स्वामित्व वाली भूमि व परिसरों पर अतिक्रमण हटवाकर पुनः कब्ज़ा प्राप्त करें।

## (6) सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार

रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार-2024 के नवाचार श्रेणी में शीर्ष फाइनलिस्ट में शामिल हो गया है। दुनिया के अन्य शीर्ष स्कूलों के बीच रैंक में ऊपर आने के बाद अब यह स्कूल शीर्ष स्थान की दौड़ में है। लंदन स्थित टी-4 एजुकेशन संस्था ने आज शीर्ष 3 विद्यालयों की घोषणा की।
इस श्रेणी में भाग लेने वाले स्कूल अमेरिका,ब्रिटेन, स्पेन, ब्राजील, केन्या और थाईलैण्ड जैसे देशों के थे। लंदन स्थित टी-4 एजुकेशन संस्था द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार उन स्कूलों को प्रदान किये जाते हैं, जिनके स्कूल लीडर्स, शिक्षक और समुदाय ने अपने विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये अनुकरणीय नेतृत्व और अग्रणी अभ्यासों का प्रदर्शन किया है। पुरस्कार के रूप में 10 हजार अमेरिकी डॉलर दिए जाते हैं।

## (7) राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड

राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में भिण्ड जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उद्योतगढ़ के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी दीपक वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भोपाल के आरूष नाग को पांचवा और बालाघाट जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी की छात्रा सुश्री शिरोमणी दहीकर को 31वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 सितम्बर तक नई दिल्ली में किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदर्शनी में देशभर के 470 प्रतिभागी विद्यार्थियों में से कुल 31 विद्यार्थियों के प्रोटोटाइप मॉडल्स का चयन राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया।

----------------